संसद सदस्यों ने डॉ राम मनोहर लोहिया को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 23 मार्च, 2018: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; लोक सभा उपाध्यक्ष, डॉ एम. तम्बिदुरै; राज्य सभा के उप सभापति, प्रोफेसर पी.जे.कुरियन; संसदीय कार्य तथा जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण राज्य मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल; विभागों से सम्बद्ध कृषि संबंधी संसदीय स्थायी समिति (लोक सभा) के सभापति, श्री हुक्मदेव नारायण यादव; विभागों से सम्बद्ध मानव संसाधन विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति (राज्य सभा) के सभापति, डॉ. सत्यनारायण जटिया; तथा पूर्व उप-प्रधानमंत्री एवं आचार समिति (लोक सभा) के सभापति, श्री लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में आज डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

अनेक केन्द्रीय मंत्रियों; संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों और लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित डॉ. राम मनोहर लोहिया के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

राष्ट्र के प्रति डॉ. राम मनोहर लोहिया की सेवाओं के सम्मानस्वरूप उनके चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री, श्री चंद्रशेखर ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 31 मई, 1991 को किया था।